हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 24 फरवरी 2025



# भाजपा में सभापति-एमआईसी मेंबर के लिए लॉबिंग, कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष को लेकर खींचतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद से ही राजनांदगांव नगर निगम में सभापति, एमआईसी मेंबर और नेता प्रतिपक्ष के पदों को लेकर लॉबिंग शुरू हो गई है। भाजपा पार्षद जहां स्वयं का नाम सभापति और एमआईसी सदस्यों में रखवाने के लिए आला नेताओं के चक्कर काट रहे हैं। वहीं कांग्रेस में भी नेता प्रतिपक्ष को लेकर गुटबाजी देखने को मिल रही है।

फरवरी के अंत में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह से पहले एक बैठक आयोजित कर दोनों ही पार्टियां इसके निर्णय लेने का विचार बना रही है। उल्लेखनीय है कि 51 वार्ड वाले राजनांदगांव नगर निगम में भाजपा ने जोरदार प्रदर्शन करते 39 सीटों पर कब्जा जमा लिया है। वहीं कांग्रेस के हिस्से में महज 8 सीटें ही आई है। ऐसे में भाजपा के भीतर निगम अध्यक्ष बनने वालों की कतार भी बढ़ गई है। आधा दर्जन से अधिक पार्षद इस पद को लेकर अपने लिए लॉबिंग कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि दावा कर रहे पार्षदों में अधिकांश ऐसे नाम हैं, जो पहली दफा ही चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं। वहीं कांग्रेस में भी नेता प्रतिपक्ष को लेकर दो फाड़ की स्थिति निर्मित होती नजर आ रही है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रूपकुमारी को बनाया पर्यवेक्षक, बैठक में होगा अध्यक्ष का फैसला

### एमआईसी के लिए इनकी चर्चा

एमआईसी सदस्यों के लिए भाजपा में शिव वर्मा, पारस वर्मा, राजा माखिजा, आलोक श्रोती, सावन वर्मा, मनोहर यादव, राजेश जैन रानू, शैंकी बग्गा, कमलेश बंधे के नाम शामिल हैं। वहीं महिला कोटे से मणिभास्कर गुप्ता, खेमिन यादव, वर्षा शरद सिन्हा, केवरा विजय राय, बीना ध्रुव के नाम शामिल हैं। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एमआईसी में दो से तीन महिलाओं को स्थान दिया जाएगा।



### अध्यक्ष को लेकर खींचतान

निगम सभापति के चयन को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक रूपकुमारी चौधरी को प्रभारी नियुक्त किया है। इधर जिले के कुछ वरिष्ठ नेताओं में भी इस पद को लेकर खींचतान देखने को मिल रही है। सभी अपने समर्थक को यह पद दिलाना चाह रहे हैं। पार्टी सूत्रों की माने तो अध्यक्ष पद की रेस में सबसे आगे पारस वर्मा का नाम है। वे पांच बार के पार्षद और इस चुनाव में सर्वाधिक लीड से जीतने वाले नेता हैं। इनके अलावा शिव वर्मा और मणिभास्कर गुप्ता भी प्रबल दावेदार बने हुए हैं। इनके अलावा पहली दफा चुनाव जीतने वालों में आलोक श्रोती, राजा माखिजा के नाम भी प्रमुखता से आगे बढ़ाए जा रहे हैं।



### पिल्ले-हफीज में से कोई एक?

इधर नेता प्रतिपक्ष को लेकर कांग्रेस में भी खींचतान देखने को मिल रही है। हालांकि पार्टी सूत्रों की माने तो केवल दो नामों में ही चर्चा चल रही है। जिनमें हफीज खान और संतोष पिल्ले शामिल हैं। इनमें से ही एक नेता द्वारा अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए चार कांग्रेस और दो निर्दलीय पार्षदों से एक लेटर में हस्ताक्षर लेकर भी पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पास दिया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### शादी का प्रलोभन देकर अनाचार, गिरफ्तार

**खैरागढ़।** युवती को शादी का प्रलोभन देकर अनाचार करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी यश कुमार ग्राम कातलवाही ने प्रलोभन देकर लगातार बलात्कार कर एवं इस कृत्य के संबंध में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 69, 64(2)(ड़)(छ), 351(3) बीएनएस एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में थाना से पुलिस टीम तैयार कर आरोपी के मिलने के संभावित स्थान जिला रायपुर रवाना किया गया, जहां पर छिपे हुए आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर बलात्कार की घटना घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी यश कुमार 25 साल निवासी ग्राम कातलवाही को विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अधिकारियों के नेतृत्व में कार्रवाई में उप निरीक्षक बिलगिस बेगम, प्रधान आरक्षक गिरीश निषाद, आरक्षक मुरली वर्मा, चन्द्रविजय सिंह, तामेश्वरी जोशी की सराहनीय भूमिका रही।

## अंबागढ़ चौकी की चार, डोंगरगांव की एक और डोंगरगढ़ की तीन जिपं सीटों पर भाजपा को मिली बढ़त

# अपने गांव की सरकार चुनने 84% ने किया मतदान, देर शाम तक मतगणना, 10 जिपं में से 8 में भाजपा को बढ़त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण का मतदान भी पूरा हो गया है। अविभाजित जिले की तीन जनपद में आयोजित इस अंतिम चरण में भी आपने गांव की सरकार चुनने ग्रामीण वोटरों ने जमकर उत्साह दिखाया। देर शाम तक जारी आंकड़ो के अनुसार लगभग 84 फीसदी मतदान इन जनपद में दर्ज किया गया।

वहीं तीन बजे तक मतदान होने के बाद तत्काल मतगणना की प्रक्रिया भी शुरु कर दी गई थी। देर शाम ग्राम पंचायत के परिणाम भी सामने आने लगे। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर आधिकारिक परिणामों की घोषणा 25 फरवरी को की जाएगी, लेकिन अपने एजेंट के सहारे जीत हार का आंकलन के बाद जीतने वाले प्रत्याशियों ने उत्साह भी मनाना शुरु कर दिया था। पहले दो चरण की तरह ही तीसरे चरण की 10 जिला पंचायत सीटों में भी भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को अधिकांश सीटो पर बढ़त मिलती दिखाई दी।



मतदान में दिखा उत्साह, जोरदार वोटिंग



## युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं ने लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

### डोंगरगढ़ की 2 जिपं में भाजपा

डोंगरगढ़ जनपद की तीन जिला पंचायत सीटों में से दो में भाजपा को बढ़त मिली। देर शाम तक मिली जानकारी के अनुसार बेलगांव में भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी किरण साहू, राका से प्रशांत कोडापे, बोरतलाव से अनिता मंडावी देर शाम तक मतगणना में आगे बने हुए थे। यहां अनिता मंडावी और प्रशांक कोडापे को निर्णायक बढ़त मिली हुई थी, वहीं बेलगांव में कांटे की टक्कर देखने को मिली।



### सुबह से रही कतार

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार तृतीय चरण में दोपहर 1 बजे तक जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत मतदान का प्रतिशत 64.65 रहा है। जिसमें 60.75% पुरूष एवं 68.63% महिला मतदाताओं तथा जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत मतदान का प्रतिशत 69.41 रहा है। जिसमें 65.04% पुरूष एवं 73.78% महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हालांकि देर शाम समाचार लिखने तक लगभग 80 फीसदी मतदान होने की जानकारी प्राप्त हुई है।

### डोंगरगांव में निर्दलियों को बढ़त

तीसरे चरण के तहत डोंगरगांव जनपद की तीन जिपं सीटों पर भी चुनाव कराए गए। देर शाम तक मिली जानकारी के अनुसार इन तीन में आसरा से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी जागृति चुन्नी यदु, अर्जुनी में कांग्रेस की बागी प्रत्याशी विभा साहू विभा और तुमड़ीबोड़ में कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ रहे नेता महेंद्र यादव को लीड मिली हुई थी। इन तीनों ही सीट पर देर शाम तक इन नेताओं को निर्णायक बढ़त मिली हुई थी।

### वनांचल में भाजपा का क्लीन स्वीप

वनांचल जिला एमएमसी में तीसरे चरण के तहत जिन चार जिपं सीटों पर चुनाव कराए गए, उन सभी चार सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को बढ़त रही। मिली जानकारी के अनुसार इनमें चिल्हाटी में शांति तिरपुड़े, आमाडुल्हा में विजय मानिकपुरी, कौड़ीकसा में सविता सोरी को निर्णायक बढ़त बनाए हुए थे। वहीं बांधाबाजार में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी और बागी प्रत्याशी के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली।

**इतने पदों के लिए चुनाव** : जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 4 जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद पंचायत सदस्य, 100 सरपंच एवं 1400 पंच पदों के लिए 100 पंचायत के 263 मतदान केन्द्रों तथा जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 2 जिला पंचायत सदस्य, 20 जनपद पंचायत सदस्य, 76 सरपंच एवं 1057 पंच पदों के लिए 76 पंचायत में 209 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। वहीं मोहला मानपुर जिले के अंबागढ़ चौकी जनपद में चार जिला पंचायत, 15 जनपद सदस्य के साथ ही पंच-सरपंच के चुनाव कराए गए।

# नांदगांव के सिम के जरिये विदेशों में हो रही ठगी

## सिम लेने आने वाले ग्राहकों से बिना जानकारी दो सिम कराए जा रहे थे एक्टिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राहक के सिम एक्टिवेट कराने पहुंचने पर आरोपियों द्वारा उस ग्राहक के नाम पर दो सिम बायोमेट्रिक्स करवाकर फर्जी सिम बनवा लेते थे, जिसे ठगी के लिए इस्तेमाल किया जाता था। सिम को सायबर ठगों तक पहुंचाया जाता था। पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर से फर्जी सिम संबंधित विषय में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गैंदाटोला क्षेत्र में प्वाईंट आफ सेल (पीओएस) कोड 7470700724 पोखन मोबाइल एड्रेस 112 गैंदाटोला छुरिया द्वारा फर्जी सिम कार्ड आबंटित किया जा रहा है और इसका उपयोग सायबर अपराधों में भारत के साथ-साथ विदशों (जैसे म्यांमार, कंबोडिया, लाओस एवं फिलिपिंस) में भी किया जा रहा है। ⏩ शेष पेज 12 पर



### 57 फर्जी सिम बरामद

आरोपी हेमंत डोंगरे को थाना लाकर पूछताछ पर अपने सहयोगियों का नाम बताया गया। जिसके आधार पर अन्य आरोपियों प्रखर सिंह चौहान, शेख सरफराज, कैलाश राम, तरण कुमार साहू को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने फर्जी सिम बेचना कबूल किया है, तब पता चला कि ऐसे ग्राहक जब नया सिम लेने या अपना सिम पोर्ट कराने सिम दुकान अर्थात प्वाईंट ऑफ सेलर एजेंट के पास जाते हैं, तब वे उस ग्राहक से सभी दस्तावेज लेने के बाद ⏩ शेष पेज 12 पर

### पांच आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार पतासाजी के दौरान प्वाईंट ऑफ सेल संचालक, एजेंट तथा फर्जी सिम को आरोपियों तक पहुंचाने वालों की खोजबीन की गई, तब कुल 57 मोबाइल सिम नंबरों को फर्जी तरीके से जारी करने की जानकारी प्राप्त होने पर प्रारंभिक तौर पर मोबाइल नंबर के पंजीकृत ग्राहक क्रमशः कैलाशचंद्र निवासी चिरचारीकला व तुकेश्वर निवासी सीताकसा से पूछताछ कर कथन लिया गया, जिन्होंने बताया कि एयरटेल मोबाइल सिम विक्रेता सीताकसा निवासी हेमंत डोंगरे द्वारा उनके निवास स्थान गांव आकर करीब 6-7 माह पूर्व सिम बेचने के बहाने उनके नाम, पता, आधार व फोटो (व्यक्तिगत दस्तावेज) के आधार पर अतिरिक्त सिम धोखाधड़ीपूर्वक जारी कर उसके दुरूपयोग करने की नियत से अपने पास रख लिया था। प्राप्त तथ्यों के आधार पर पोखन मोबाइल संचालक हेमंत डोंगरे निवासी सीताकसा थाना गैंदाटोला जिला राजनांदगांव के विरूद्ध वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्र व संलग्न सूची एवं कुल 57 मोबाइल सिम नंबरों का एसडीआर प्राप्त कर अनावेदक का कृत्य धारा 318(4), 61(2) बीएनएस एवं 66 (सी) आईटी एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# महाशिवरात्रि पर होगी विशेष पूजा, शहर में दो दिन निकलेगी महाकाल की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिरों में जहां तैयारियां शुरू कर दी गई है। वहीं शहर में भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की भी तैयारियां की जा रही है। पर्व को लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल है।

महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को मनाया जाएगा। देवो के देव महादेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना का दिन महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों में खासा उत्साह है। फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व पर इस वर्ष दुर्लभ संयोग बन रहा है। शहर के मां शीतला मंदिर, बांसपाईपारा शिव मंदिर, शंकरपुर शिव मंदिर, मां भानेश्वरी मंदिर, महाकाल मंदिर, मोहारा शिव मंदिर, गांधी चौक स्थित शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पर्व पर विशेष पूजा-अर्चना सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी है।



### शिवरात्रि को लेकर महाकाल मित्र मंडल की भी तैयारी

महाशिवरात्री पर्व के उपलक्षय में शहर के महाकाल मित्र मंडल के द्वारा भव्य महाकाल यात्रा 25 फरवरी को निकाली जायेगी। यह यात्रा दोपहर 12 बजे से गुरूद्वारा चौक से निकलेगी जो प्रमुख मार्गो से गुजरेगी। इस दौरान बडी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रहेगी। वही भव्य झांकी और बाजे गाजे का माहौल रहेगा। इस यात्रा को लेकर महाकाल मित्र मंडल के द्वारा व्यापक तैयारियां की है।

### निकलेगी शोभायात्रा

इधर शहर में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर निकलने वाली भव्य महाकाल यात्रा की भी व्यापक तैयारियां की जा रही है। पूर्व में इस संबंध में एक बैठक महेश्वरी भवन में आयोजित की गई। जिसमें महाकाल यात्रा को भव्य रूप से निकाले जाने पर चर्चा की गई। महाकाल भगवान चन्द्रमोलेश्वर की भव्य शोभायात्रा महाकाल सेना द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर में भव्य महाकाल यात्रा निकाली जाती है। 26 फरवरी को दोपहर 3 बजे शहर के नंदई चौक से यह यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें बड़ी संख्या में शहर के भक्त शामिल होंगे। इस दौरान झांकी झांझ मंजीरा एवं बाजे गाजे का माहौल होगा।


## रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन

# कुंभ स्पेशल ट्रेन से रवाना हुए श्रद्धालु, स्टेशन पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रयागराज कुंभ मेले में जाने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन शनिवार दोपहर लगभग 12.15 बजे राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां कुंभ जाने वाले यात्रियों का स्वागत किया गया। वहीं राजनांदगांव से 30 यात्री कुंभ मेले में शामिल होने प्रयागराज रवाना हुए।

कुंभ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। राजनांदगांव से कुंभ मेले में जाने के लिए आज दोपहर 30 यात्री प्रयागराज के लिए रवाना हुए। ट्रेन के स्टेशन में पहुंचने पर रेल प्रशासन द्वारा चलाई जा रही कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन की सुविधाओं को लेकर यात्रियों को जानकारी दी गई। कुंभ स्पेशल ट्रेन के राजनांदगांव पहुंचने पर स्टेशन प्रबंधक आरके बर्मन, आरपीएफ प्रभारी तरूणा साहू और अन्य रेल कर्मचारियों ने कुंभ स्पेशल ट्रेन में यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं से संबंधित पर्चे बांटे।



### लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाले कुंभ मेले में देश के करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है। कुंभ मेला जाने के लिए राजनांदगांव से भी हजारों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे हैं। वहीं रेल प्रशासन द्वारा स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था करने से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिली है।

**निजी वाहनों और बसों से भी पहुंच रहे प्रयागराज-** कुंभ में जाने ट्रेनों के अलावा लंबी दूरी की बसों में श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही है। वहीं बड़ी तादाद में श्रद्धालु निजी वाहन से भी प्रयागराज पहुंच रहे हैं।

### सुविधाओं की सराहना

रेल प्रशासन द्वारा सीधे प्रयागराज के लिए कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाए जाने से कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं ने रेल प्रशासन का आभार जताया है। वहीं ट्रेन में मिलने वाली सुविधाओं की सराहना की है।

### बिलासपुर-गोंदिया-प्रयागराज

रेलवे स्टेशन प्रबंधक आरके बर्मन ने बताया कि कुंभ स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से रवाना होकर महाराष्ट्र के गोंदिया होते हुए प्रयागराज पहुंचेगी। कुंभ स्पेशल ट्रेन में यात्रियों को मिलने वाली सुविधा की जानकारी दी गई है। वहीं उन्होंने बताया कि प्रयागराज में रेलवे प्रशासन की ओर से मिलने वाली सुविधाएं, वापसी की ट्रेनों के संबंध में भी यात्रियों को जानकारी दी गई है।

मॉय एंगल



संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)

हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर

24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

### जंगल के बीच बसे पथराटोला के ग्रामीणों ने नई उम्मीद के साथ किया मतदान

# विकास के राह तकते पथराई आंखें, नई सुबह का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

गांव में अपनी सरकार बनाने ग्रामीणों ने रविवार को पूरे उत्साह के साथ मतदान किया। वहीं ब्लाक के अधीन वाले एक गांव जिसकी आबादी बमुश्किल 125 के आसपास हैं के लोगों ने चुनाव के बाद एक नई सुबह आने की उम्मीद के साथ मतदान किया।

टप्पा तिलईरवार मार्ग से करीब तीन से चार मीटर की दूरी पर स्थिति है पथरटोला। इस गांव के ग्रामीण सालों से विकास और सुविधा के गांव पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। इंतजार करते करते ग्रामीणों की आँखे भी पथरा गई हैं। रविवार को सुबह करीब 7.30 बजे यह संवाददाता ज़ब गांव पहुंचा तब ग्रामीण मतदान करने करीब 4 किमी दूर पंचायत मुख्यालय तिलईरवार जाने की तैयारी कर रहे थे। गांव के चौक में किसी प्रत्याशी ने नाश्ते के लिए पोहा का इंतजाम किया था। मात्र दो वार्ड इस गांव में आदिवासी, राउत, धनकर और वर्मा परिवार निवास करते हैं। करीब 30 से 35 घरों में 170 के आसपास मतदाता हैं।

## अब तक गांव में नहीं पहुंची बुनियादी सुविधाएं

### खेत भी प्यासे

ग्रामीण बताते हैं कि उनकी आय का एकमात्र जरिया खेती है। जब बारिश अच्छी होती है तो फ़सल का उत्पादन भी अच्छा होता हैं। मौसम के दगा देने पर सिंचाई सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ता हैं। ग्रामीण बताते है कि बम्हनी नहर को गांव तक बढ़ा दिया जाए तो सिंचाई सुविधा आसानी से मिल जाएगी।इस संबंध में ग्रामीण कई बार प्रयास भी कर चुके हैं किन्तु नहर विस्तार को मंजूरी नहीं मिली है।

### मासूमों की विवशता

गांव में सरकारी सुविधा के नाम प्राथमिक शाला हैं। पाँचवी तक पढ़ाई करने के बाद बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए तिलईरवार या टप्पा जाना पड़ता हैं। किसी के बीमार होने पर लोग उपचार कराने 4 किमी दूर तिलईरवार जाते हैं। टूटे फूटे घरों में रहने वाले लोग अब प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के मकान बना रहे हैं। महिलाओं को महतारी वंदन योजना से हर महीने एक हजार मिल रहा है।



### नहीं जानते अधिकारियों को

ग्रामीण बताते हैं कि गांव में कभी भी कोई अधिकारी नहीं आता हैं। उन्हें यह भी नहीं मालूम है कि जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी कौन- कौन हैं? विधायक और जिला पंचायत सदस्य गांव जरूर आ चुके हैं किन्तु सांसद का अब तक आगमन नहीं हुआ है।



### सर्पदंश का उपचार



गांव के देवप्रसाद साहू जड़ीबूटी से सर्पदंश का इलाज करते हैं। बीते 10 सालों में वह कितनों का उपचार कर जान बचा चुके हैं इसका कोई आंकड़ा उनके पास नहीं है। वह बताते हैं कि सर्प दंश के बाद जो उनके पास आता हैं उसका जड़ी बूटी से इलाज कर उसकी जान बचाने का पूरा प्रयास करते हैं। अब तक कोई भी निराश होकर नहीं लौटा है।

### पानी, बिजली की समस्या

हर चुनाव में नेता गांव आते हैं और ग्रामीणों को विकास का सपना दिखाते हैं। लोग उन भरोसा कर मतदान करते हैं किन्तु विकास की किरण इस गांव तक पहुंचने का नाम नहीं ले रही है। टप्पा-तिलईरवार मार्ग से गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तक नहीं है। कच्ची सड़क पर जहां तहां गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दिनों में पूरी सड़क कीचड से लथपथ हो जाती है। गांव में सड़क बत्ती लगी हैं जो कभी जलती नहीं। पेयजल के लिए जल मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाकर कुछ घरो में नल कनेक्शन दिया गया है तो कुछ घरों तक पाइप लगाकर छोड़ दिया गया है। ग्रामीण बताते है कि टेस्ट करने लिए बोर में पम्प लगाया गया था जिसे बाद में निकलकर ले गए। वर्तमान में पानी की सप्लाई बंद है।



### मतदान को लेकर उत्साह

डोंगरगढ़। त्रिस्तरीय पंचायत के तीसरे चरण का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। मतदान करने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह देखने मिला। प्रातः 7 बजे से ही अछोली, नागतराई, बेलगांव, मुसरा, मोहारा, चौथना, कलकसा, लमतर्रा, कुरूभाठ, मेढ़ा, मुरमुंदा आदि गांव के बूथ मे महिलाओं की भीड़ सर्वाधिक देखने मिली। दोपहर 12 बजे तक महिलाओं के साथ पुरूष मतदाता भी उत्साह के साथ मतदान करने पहुंचे। कुछ बुथो में विवाद की स्थिति बनी लेकिन ग्रामीणों की आपसी समझाईस से मामला शांत हो गया। शुरूवाती दौर से 70 से 80 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान है।



## खबर संक्षेप




### किरण को सीईओ ने दिया प्रमाण पत्र

छुरिया। जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव निर्वाचित हुई है। जिला पंचायत कार्यालय में सीईओ ने उन्हे निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। श्रीमती वैष्णव ने अपनी जीत का श्रेय मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास निरंतर प्रयास करेंगी।

### युवा के हाथों में पंचायत की कमान



पटेवा। खैरागढ़ ब्लाक में सबसे कम उम्र के सरपंच सौरभ कुमार साहू चुने गए हैं। सलोनी पंचायत के लिए हुए चुनाव में आश्रित ग्राम केकराज बोड के श्री साहू ने जीत दर्ज किया। निर्वाचन के बाद शनिवार को निज निवास से बाजे गाजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया। उन्होंने गांव का भ्रमण कर मतदाताओं का आभार जताया। इस दौरान मतदाताओं ने आरती उतारकर श्रीफल, साल, टॉवेल एवं सम्मान राशि भेंट किया। इस दौरान नवनिर्वाचित पंच सुशीला जांगड़े, भागवत चंदेल, कांता सिरमोर, जंत्री यादव, सोहद्रा चंदेल, अनिता बारले आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### मुढ़ीपार के सरपंच बने कुमेश



मुढ़ीपार। ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में सरपंच के पद के लिए हुए चुनाव में कुमेश साहू निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 682 वोटो के रिकॉर्ड मतों के अंतर से पराजित किया। जानकारी के अनुसार नव निर्वाचित सरपंच कुमेश साहू को 1407, घनश्याम सिन्हा को 725, डेरहा निषाद 19, नीलाम्बर गोंड़ 18, सोहन पटेल को 10 मत मिले। नव निर्वाचित सरपंच कुमेश साहू को रिर्टनिंग आफिसर मोक्षदा देवांगन ने गत दिनों निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# नहीं दिखा लाल आतंक का असर

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मतदान करने उमड़े ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने रविवार को जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी की विभिन्न ग्राम पंचायतों के साथ महाराष्ट्र सीमा से लगी ग्राम पंचायत चिल्हाटी, कोरचाटोला पहुंचकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाताओं को मतदान करने प्रोत्साहित किया। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मतदाताओं का मतदान के प्रति रुझान को देखकर कलेक्टर और एसपी ने प्रसन्नता जाहिर किया। इन क्षेत्रों के मतदाताओं को बिना भय के मतदान करते देखा गया। कलेक्टर और एसपी ने छत्तीसगढ़- महाराष्ट्र सीमा में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा में लगे जवानों का हाल चाल जाना। सुरक्षा में लगे जवानों का हौसला अफजाई करते हुए उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन आपके साथ है आप बेफिक्र होकर जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायत में शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न हुआ। सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक मतदान किया। ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपन्न होने पर कलेक्टर ने सभी का आभार व्यक्त किया है।



### दिव्यांग बिराजो ने किया मतदान



मोहला। पंचायत निर्वाचन अंतर्गत जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी की ग्राम पंचायत चिल्हाटी निवासी दिव्यांग बिराजोबाई ने मतदान किया। उन्होंने मतदान कर हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने अपने गांव के चुनाव में मतदान किया है। उन्होंने मतदान करने के उपरांत गांव के अन्य लोगों को मतदान

## हम किसी से कम नहीं...






लोकतंत्र पर भरोसा जताते हुए तमाम परेशानियों के बाद भी इन लोगों ने बूथों में पहुंचकर अपने दायित्व का किया निर्वहन।

### महाशिवरात्रि पर्व 25 से

घुमका। ग्राम पंचायत खर्रा के आश्रित ग्राम रौता में आगामी 25 एवं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्राचीन स्वयंभू शिवलिंग मंदिर में 25 फरवरी को अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। आगामी 26 फरवरी को विधि विधान से पूजा अर्चना किया जाएगा। इस मौके पर महाशिवरात्रि मेला भी आयोजित है। आयोजक टीम के मनोज राजपूत ने बताया रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए बिलाई डबरी वालों का संगी जहुरिया छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

# लॉटरी से तय हुआ पांच पंचों का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जनपद पंचायत के अधीन आने वाली पांच ग्राम पंचायतो में पंच का फैसला लाटरी निकालकर किया गया है। समान मत मिलने के बाद जनपद पंचायत के सभागृह में रिटर्निंग ऑफिसर विजय कोठारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होरीलाल साहू एवं नायब तहसीलदार विजय साहू ने लॉटरी सिस्टम से पांच पंचायतो के पंच का चयन किया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खोभा के वार्ड 1 से चंद्रभान, जयतगुडरा के वार्ड 7 से कुलेश्वरी यादव, केसाल के वार्ड 13 लक्षंतिन बाई, बननवागांव के वार्ड




10 से नेमकुमारी, ग्राम पंचायत करमरी के वार्ड 3 से टामिनबाई साहू को पंच निर्वाचित घोषित किया है। जानकारी के अनुसार ब्लाक की दो पंचायत में सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसमें ग्राम पंचायत मरकाकसा से भुवनेश्वरी सलामे एवं ग्राम पंचायत गहिराभेडी से बेदबाई पोर्ते शामिल है।

### यादव परिचय सम्मेलन आज

डोंगरगढ़। श्री राधाकृष्ण मंदिर में सभी सर्किल के यादव जनों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मंदिर का स्थापना दिवस 24 फरवरी को मनाने का निर्णय लिया गया। इसी दिन विधुर, उम्रदराज, परित्यगता का परिचय करा कर पुनः गृहस्थी से जोड़ने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष स्थापना दिवास पर शोभायात्रा निकाला जाएगा एवं 7 जोडे का आदर्श विवाह किया जाएगा। सामाजिक गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसुदन यादव, पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर आदि शामिल होंगे।

### पुरूषोत्तम साहू बने जनपद सदस्य

मुढ़ीपार। मुढ़ीपार में जनपद पंचायत के लिए हुए चुनाव में भाजर्टी के समर्थित पुरुषोत्तम साहू और कांग्रेस समर्थित भारत भूषण के बीच सीधा मुकाबला हुआ। जनपद क्षेत्र के अधीन आने वाले ग्राम मुढ़ीपार, टिंगामाली, कुसुमकुंआ, सनडोंगरी, बगईझोरी, गुमानपुर, खपरी सिरदार, खपरी मंकुदी, गर्रापार के मतदाताओं ने श्री साहू के पक्ष में मदान कर 2285 वोट से विजय श्री दिलाया। प्रतिद्वंदी भारत भूषण सिन्हा को 1208 मत मिले। पुरुषोत्तम साहू 3493 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए। रिर्टनिंग आफिसर मोक्षदा देवांगन ने उन्हे निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।



# जूनियरों ने सीनियर छात्रों को दी विदाई

- समारोह में भावुक हुए छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक शाला सड़क अतरिया में शनिवार को जूनियर छात्रों ने दसवीं एवं बारहवीं के छात्रों को समारोह आयोजित कर विदाई दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिवक्ता मोतीलाल जंघेल थे। अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राधे मोहन वैष्णव ने किया। विशिष्ट अतिथि महेश जैन, मनोज, विरेन्द्र जंघेल, संतोषी जंघेल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर श्री जंघेल ने परीक्षार्थियों को बिना भय के परीक्षा में शामिल होने की सलाह दिया। उन्होंने कहा कि साल भर शिक्षक और छात्रों ने मेहनत किया जिसका प्रतिफल अवश्य मिलेगा। श्री वैष्णव ने छात्रों को अच्छे अंक से उत्तीर्ण होकर नाम रौशन करने कहा। इस अवसर पर छात्रों ने प्रेरक तथा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सीनियर छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विदाई के मौके पर सीनियर छात्र काफी भावुक हो गए थे। कार्यक्रम में प्राचार्य खेमराज सिन्हा, हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, शिव कुमार पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, वेद कुमारी पाली, पारसमणी सिन्हा, शोभना बोपचे, सरिता शर्मा, तुकाराम साहू, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, मीनाक्षी पटेल, छात्र सहित अन्य मौजूद थे।



# साइकिल से प्रयागराज तक किया यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत करेला निवासी निर्भय लिल्हारे अपने साथी भेदुराम मंडावी के साथ महाकुंभ में स्नान करने साइकिल से जा पहुंचे। गत 25 जनवरी को वह करेला से साइकिल पर सवार होकर निकले थे। इन युवकों ने 5 दिनों में अपनी यात्रा पूरी किया और 30 जनवरी को प्रयागराज पहुंचे। एक सप्ताह तक प्रयागराज में रुककर प्रतिदिन त्रिवेणी संगम में स्नान किया। विश्व कल्याण, राष्ट्र उत्थान का संकल्प लेकर प्रयागराज पहुंचे इन युवाओं ने स्वस्थ जीवन एवं समृद्धि की कामना किया। श्री लिल्हारे ने बताया कि संगम में डुबकी लगाकर कृतार्थ अनुभव कर रहे हैं। श्री लिल्हारे पतंजलि योग समिति से भी जुड़े हैं। उनके वापस पहुंचने पर ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया।

### श्रीमद भागवत कथा 28 से

घुमका। ग्राम पंचायत खर्रा के आश्रित ग्राम रौता में आगामी 28 फरवरी से 8 मार्च तक श्रीमद् भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन दुर्गा मंच प्रांगण में रखा गया है। प्रवचनकर्ता चिंगली वाले श्याम महाराज होंगे। आयोजन के प्रथम दिन कलश यात्रा, वेदी पूजन, गौकर्ण कथा का वाचन होगा। कथा के आठवे दिन परीक्षित मोक्ष कथा के साथ चढ़ोत्री एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। अंतिम दिन गीतासार, तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहुति, प्रसादी वितरण होगा। महिला समूह के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में कथा का वाचन दोपहर एक से शाम पांच बजे तक होगा।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मदरसा बोर्ड परीक्षा की बढ़ाई गई तारीख

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाई व हायर सेकेंडरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा-2025 के आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। पूर्व में अंतिम तारीख 6 फरवरी थी, जिसे अब 10 मार्च कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक इस परीक्षा के लिए कबीरधाम जिले में स्वामी करपात्री जी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कवर्धा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया। माना जा रहा है कि परीक्षा की तिथि बढ़ाए जाने से संबंधित परिक्षार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए और अधिक समय मिल पाएगा।

### हेमचंद विवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम किए जारी

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के सेमेस्टर परीक्षा परिणाम दिसंबर-जनवरी 2024-25 जारी कर दिए हैं। एम कॉम प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम ओवरऑल 58.70 प्रतिशत, बीबीए 5 वां सेमेस्टर 70.34 प्रतिशत, एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर (एटीकेटी) 63.44 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर (एटीकेटी) 83.33 प्रतिशत रहा। जारी परीक्षा परिणामों को विश्व विद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।





# सारणीकरण के बाद जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 14 तक के परिणाम विधिवत रूप से घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में दो चरण 17 और 20 फरवरी को मतदान कार्य संपन्न हुआ था। इसके बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में प्रथम चरण के अंतर्गत 20 फरवरी को विकासखंड कवर्धा और सहसपुर लोहारा के 06 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र का सारणीकरण और दूसरे चरण के अंतर्गत 23 फरवरी को विकासखंड पंडरिया और बोड़ला के 08 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र का सारणीकरण किया गया। सारणीकरण के बाद परिणाम की घोषणा की गई। जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, उपसंचालक राज तिवारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र साहू, श्रीमती रश्मि दुबे, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से दीपा पप्पू धुर्वे को 13704 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अंजू मेरावी को 2165 मत, किरण टेकाम को 2680 मत, राधा ललित धुर्वे को 6060 मत और सरस्वती पुसाम को 5351 मत प्राप्त हुए। पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 से अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर को 19039 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अनुसुइया मनिराम साहू को 2799 मत, उत्तरादेवी गोकुल साहू को 13428 मत प्राप्त हुए। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 से रामकुमार भट्ट को 16962 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अमर बंजारे को 1064 मत, सुधांशु बघेल को 15441 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 04 से श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे को 26985 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से श्रीमती रेखा रामायण कुर्रे को 8284 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 05 से श्रीमती पूर्णिमा मनिराम साहू को 21402 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अमृता नरेश निर्मलकर को 2046 मत, श्रीमती दीपिका संजय चंद्रवंशी को 1099 मत और श्रीमती राधा नारद चंद्रवंशी को 11236 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 06 से ललिता रूपसिंह धुर्वे को 12216 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से जगनी कामू बैगा को 12142 मत, श्रीमती रमौतीन राजकुमार चेचाम को 2924 मत और श्रीमती शुभौतिन मरकाम को 3513 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 07 से गंगा बाई लोकचंद साहू को 20459 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से श्रीमती गीता राजू पटेल को 12349 मत, श्रीमती सोनकुंवर साहू को 1782 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 08 से राजकुमार मेरावी को 13582 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अमरसिंह कुशरे को 4770 मत और प्रभाती मरकाम को 12168 मत प्राप्त हुए। जिपं सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 09 से श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल को 18904 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से श्रीमती अनुसुइया भुनेश्वर पटेल को 13806 मत, श्रीमती बेदीन बाई हजारी लाल टंडन को 3404 मत और श्रीमती तारा लहरे को 1117 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 10 से कैलाश चंद्रवंशी को 21213 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से मोहन साहू को 5086 मत, प्रदीप चंद्राकर को 8645 मत और सत्यप्रकाश बौध को 356 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 11 से वीरेन्द्र साहू को 14673 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से भुनेश्वर कौशिक को 364 मत, दिनेश चंद्रवंशी को 12476 मत, श्रीमती कमला निषाद को 284 मत, किरण टूम्मन साहू को 1355, शिप्रसाद साहू को 2774 मत, तुकेश्वर साहू को 679 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 12 से रोशन दुबे को 15724 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से बलराम सिंह ठाकुर को 560 मत, भनुप्रताप कुंजन निषाद को 1076 मत, हेमराज कौशिक 544 मत, मोहित सिंह को 7745 मत, रामफल कौशिक को 5990 मत, श्यामाबाई साहू रतनलाल को 890 मत और सुरेखा गंधर्व को 652 मत प्राप्त हुए। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से श्रीमती राजकुमारी राजेन्द्र साहू को 12022 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से श्रीमती चंपा रूपेन्द्र वर्मा को 8622 मत, श्रीमती सुमन मोहित सिंह को 11028 मत और श्रीमती तारा सुखनंदन साहू को 1306 मत प्राप्त हुए। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से ईश्वरी साहू को 14816 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए।

इसके साथ ही इस क्षेत्र से आनंद कुमार मेरवी को 1405 मत, भाई हुकुमत साहू को 1377 मत, कलीम भाई को 9771 मत, रामकृष्ण साहू को 8928 को मत, शरद वर्मा को 3600 मत प्राप्त हुए।

**मांग : पुनर्मतगणना की मांग को लेकर कांग्रेसी दूसरे दिन भी बैठक धरने पर**

# जिपं क्षेत्र क्र. 6 के चुनाव परिणामों को लेकर गरमा रहा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के लिए जिला निर्वाचन द्वारा मतगणना उपरांत जारी किए गए परिणामों को लेकर उपजा विवाद लगातार तूल पकड़ते दिखाई दे रहा है।

इस मामले में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से अधिकृत प्रत्याशी जगनी कामु बैगा निवासी ग्राम केमा तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम सहित जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मतगणना में गड़बड़ी किए जाने तथा जानबूझकर भाजपा प्रत्याशी को विजयी घोषित किए जाने का आरोप लगाते हुए गत शनिवार से जिला कार्यालय के सामने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

कांग्रेस का यह धरना प्रदर्शन दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। जिसमें विधान सभा पंडरिया की पूर्व विधायक श्रीमती चन्द्राकर तथा आदिवासी समाज के नेता जे लिंगो ने भी शामिल होकर अपना समर्थन दिया। इस संबंध में अपनी मांगों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले धरने में बैठी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी जगनी कामु बैगा ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक की मतगणना में व्यापक रूप से गंभीर अनियमितता तथा गड़बड़ी की गई जिसके परिणाम स्वरूप परिणाम उनके पक्ष में नहीं आया और उन्हें करीब 74 मतों से पराजित घोषित कर सत्ता पक्ष भाजपा के उम्मीदवार को विजयी घोषित कर दिया गया। कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी जगनी कामु बैगा ने कहा कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के करीब आधा दर्जन से अधिक बूथों की मतगणना में भारी गड़बड़ी की आशंका है।

जिसमें ग्राम भनपहरी के बूथ क्रमांक 61, 62, 63, बदनापानी के बूथ क्रमांक 14, दुर्जनपुर के बूथ क्रमांक 21, मुड़घुसरी मैदान के बूथ क्रमांक 72, चेन्द्रादादर बूथ क्रमांक 1, भूरसीपकरी बूथ क्रमांक 8, केसमर्दा बूथ क्रमांक 10, मदनापानी केसमर्दा बूथ क्रमांक 14, कोईरकछरा बूथ क्रमांक 60 तथा अचानकपुर बूथ क्रमांक 59 शामिल है। उन्होने कहा कि इन सभी बूथों की मतगणना में भारी गड़बड़ी कर परिणामों में हेरफेर किया गया है।

**ज्ञापन सौंपकर कांग्रेस ने रखी अपनी मांगे**



कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी ने जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि इन सभी बूथों की पुनः निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से मतगणना कराई जाए, संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच हेतु एक स्वतंत्र जांच समिति गठित की जाए, यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए, न्यायालय में इस विषय की सुनवाई पूरी होने तक विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। उन्होने बताया कि इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में मामला दायर किया गया है, अतः न्यायालय के निर्णय तक चुनाव परिणाम पर स्थगन प्रदान किया जाए।

# मतगणना के बाद ग्राम दशरंगपुर में बलवा, नेऊर में लहराई गई तलवार

- दोनो मामले थाना में दर्ज, पीड़ित पक्षों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में सम्पन्न हुए दूसरे चरण के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना के बाद जिले ग्राम पंचायत इंदौरी तथा ग्राम पंचायत नेऊर में प्रत्याशियों के बीच बलवा, टकराव व डराने धमकाने जैसे मामले सामने आए है। जिनकी ब का य दा संबंधित पुलिस चौकी तथा थाना में रपट भी दर्ज कराई गई है।



जानकारी के अनुसार जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी दशरंगपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दशरंगपुर में हुए सरपंच पद के पंचायत चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद विजेता तथा हारे हुए प्रत्याशी तथा उनके समर्थक आपस में भिड़ गए।

बताया जाता है कि दोनो पक्षों के लोगों ने एक दूसरे के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिसमें कई लोगों के मामूली रूप से घायल होने की खबर सामने आई। घटना बीते शुक्रवार रात की बताई जा रही है। घटना के बाद दोनो पक्षों ने दशरंगपुर पुलिस चौकी पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिस पर पुलिस दोनो पक्षों के 7-7 कुल 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले कों जांच में लिया है। हालांकि अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं की गई है।

वहीं दूसरा मामला जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेऊर से सामने आया है। जहां ग्राम पंचायत नेऊर के वार्ड क्रमांक 7 से पंच पद के विजेता प्रत्याशी नम्रता पति दिलीप मरावी ने आरोप लगाया है कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद उसके विरोधी प्रत्याशी दुकलहीन पति मनोज के रिश्तेदार मोहित लोहार ने हार की खीच निकालते हुए मतगणना स्थल पर ही तलवार लेकर विजेता प्रत्याशी और उसके परिजनो को न सिर्फ डराने धमकाने का काम किया बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी।

जिसे लेकर पीड़ित परिवार में भय व्याप्त है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने इस मामले की रपट कुकदुर थाना में दर्ज कराई है। हालांकि पीड़ित पक्ष की माने तो मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने अभी तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की है। पीड़ित पक्ष ने कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# ग्राम पंचायत सिल्हाटी से अर्जुन साहू सरपंच निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिल्हाटी

जिले के जनपद पंचायत स लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिल्हाटी में सरपंच प्रत्याशी अर्जुन साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सरपंच पद अपने नाम कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिल्हाटी से कुल 6 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया था। जिसमें अर्जुन साहू को 761 मत, प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सोमनाथ देवांगन को 383 मत प्राप्त हुए। अर्जुन साहू के निर्वाचित घोषित होते ही सिल्हाटी ग्रामवासियों ने श्री साहू का जोशीला स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद कर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। साथ ही सिल्हाटी ग्राम पंचायत में 18 वार्ड है जिसमें से 16 वार्ड में नये चेहरे चुनकर आए हैं वहीं मात्र दो वार्डो में पुराने चेहरों को दोबारा मौका दिया गया है।

# पंडरिया और बोड़ला के निर्वाचित आठ जिला पंचायत सदस्यों को दिया गया निर्वाचन प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में रविवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पंडरिया और बोड़ला के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 तक का सारणीकरण किया गया। सारणीकरण के पश्चात परिणाम की घोषणा की गई। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत दूसरे चरण 20 फरवरी को मतदान हुआ था।

इसके बाद जिले के 08 जिला पंचायत क्षेत्र का सारणीकरण कर परिणाम बताया गया। जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने क्षेत्र क्रमांक 01 से निर्वाचित दीपा पप्पु धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 02 से निर्वाचित श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 03 से निर्वाचित रामकुमार भट्ट, क्षेत्र क्रमांक 04 से निर्वाचित श्रीमती राजेश्री घृतलहरे, क्षेत्र क्रमांक 05 से निर्वाचित पूर्णिमा मनिराम साहू और क्षेत्र क्रमांक 06 से निर्वाचित ललिता रूप सिंह धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 07 से निर्वाचित श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू और क्षेत्र क्रमांक 08 से निर्वाचित राजकुमार मेरावी को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, उपसंचालक राज तिवारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र साहू, श्रीमती रश्मि दुबे, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

### आरक्षक संवर्ग के लिए भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ

**कवर्धा।** पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ ने जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग के 5967 पदों पर सीधी भर्ती के लिए 4 अक्टूबर 2023 को विज्ञापन जारी किया था। इसके तहत 1 जनवरी 2024 से 6 मार्च 2024 तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। अब भर्ती प्रक्रिया के पहले चरण की शुरुआत होने जा रही है। पहले चरण में दस्तावेज सत्यापन, शारीरिक नापजोख और शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। यह परीक्षा 26 फरवरी 2025 से शुरू होगी। परीक्षा स्थल केकती बाड़ी मैदान, आत्मानंद स्कूल छुईखदान (जिला खैरागढ़- छुईखदान-गंडई) में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के जरिए प्रवेश पत्र भेजे जा रहे हैं। सभी अभ्यर्थियों को निर्देशों का पालन करना होगा। तय तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। मूल दस्तावेज और प्रमाणपत्र साथ लाने होंगे। बिना दस्तावेज के परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं मिलेगी। पुलिस विभाग के मुताबिक जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग के 5967 पदों पर भर्ती ली जा रही है। इसे लेकर राजनांदगांव रेंज के जिलों से कुल 65539 आवेदन फार्म मिले हैं। कबीरधाम जिले में कांस्टेबल (जीडी) के 114 पद हैं। भर्ती के लिए आउटडोर स्टेडियम कवर्धा में युवा जमकर पसीना बहा रहे हैं।

**जंगलों की हरियाली के बाद मैदानी इलाकों के चारा पानी का किया जाएगा दोहन**

# पतझड़ प्रारंभ होने के साथ राजस्थानी चरवाहों ने किया मैदानी इलाकों का रूख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वर्षा और शीत ऋतु जिले के जंगल में गुजारने और वहां की हरीभरी वनस्पति को भारी नुकसान पहुंचाने के बाद अब ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही राजस्थान चरवाहे अपने हजारों भेड़, बकरी और ऊंट के साथ मैदानी ईलाकों का रूख करने लगे हैं।

यहां बताना लाजिमी होगा कि पिछले कुछ सालों से जिस तरह शासन की तुष्टीकरण नीति के चलते वन अधिकार के तहत वन भूमि के पट्टे पाने के लिए प्रदेश के हरे-भरे जंगलों की अंधाधुंध कटाई कर हजारों अपात्रों ने वनभूमि पर कब्जा जमा कर मैदान बना दिया है। वहीं राजस्थान से ऊंट और भेड़ों के काफिले लेकर यहां वर्षो से जमे राजस्थान चरवाहे भी जिले के जंगलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वनवासियों की माने अंचल के जंगलों में राजस्थान तथा गुजरात से आए भेड़ वालों के चलते जंगलों और वनस्पतियों को काफी नुकसान हो रहा है। वनवासी अंचलों में जहां-तहां उनके डेरे दिखाई देते हैं।



प्रत्येक डेरे में हजारों की संख्या में भेड़ें होती है। बताया जाता है कि वर्षा ऋतु और शीत ऋतु के दौरान जिले के जंगलों की हरियाली का बेजा उपयोग करने के बाद अब पतझड़ के इस सीजन में इन राजस्थानी चरवाहों ने मैदानी ईलाकों का रूख कर लिया है।

बताया जाता है कि अब चरवाहों और इनके मवेशियों को डेरा पूरी गर्मी मैदानी ईलाकों में धान कटाई के बाद खाली पड़े खेतों में रहेगा। इस दौरान वे जहां मैदानी ईलाकों के पानी तथा वनस्पति का बेजा उपयोग करेंगे। हैरानी की बात यह है कि अब तो प्रशासन तथा वन विभाग भी इन राजस्थानी चरवाहों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करता क्योंकि इनमें से कई चरवाहों ने तो यहीं अपना स्थाई डेरा जमा लिया है और आधार कार्ड, राशन कार्ड भी यहीं के बनवा लिए है।

### बसंत बहार...



कवर्धा। अंचल में नजर आने लगे टेसू के रंग, दिखने लगी बसंत बहार।

## सार समाचार

### चौथिया गए युवकों से मारपीट, मामला दर्ज

**छुरिया।** गांव में चौथिया आए युवकों को बच्चों के नाचने की बात पर विवाद होने के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज कर चाकू, लाठी, ईंट एवं हाथ-मुक्का से मारपीट किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी रूपेश कुमार ग्राम बोईरडीह द्वारा 22 फरवरी को थाना छुरिया में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 फरवरी को गांव के लक्ष्मण कुंजाम के घर ग्राम राजकट्टा (डोंगरगढ़) से चौथिया आया हुआ था। वहीं पर रात्रि करीबन साढे 8 बजे बच्चों का नाचने की बात पर आपस में विवाद हो रहा था, तभी राजकट्टा के कुछ लोग बोईरडीह के लोगों के साथ अश्लील गाली-गलौज करते चाकू, लाठी, ईंट एवं हाथ-मुक्का से मारपीट किए है। इस घटना में सात लोगों को चोंटे आई है। रिपोर्ट पर थाना छुरिया में धारा 296,115(2), 118(1) 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**चाकू-डंडा बरामद-** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं अनु. विभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी छुरिया के नेतृत्व में प्रकरण के आरोपियों का लगातार पतासाजी की जा रही थी। आरोपी कुमार मंडावी एवं सुनील नेताम को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया, जो घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से एक नग चाकू एवं एक नग डंडा पुलिस द्वारा वजह सबूत जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। मामले के अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। मामले के आहत लोग सामान्य हालात में है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य, सउनि सत्तूलाल कवर, आरक्षक असवन वर्मा, सत्येंद्र डहरे, भुवनेश्वर वर्मा, धर्मेंद्र सिंह एवं देवीलाल का सराहनीय योगदान रहा।

### चाकू से हमला, दो अपचारी बालक पकड़ाए

**राजनांदगांव।** एक युवक को चाकू से हमला कर घायल कर देने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेकर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी के लड़का को दो अपचारी बालक द्वारा पुरानी रंजिश के कारण अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते एक राय होकर चाकू से प्राणघातक हमला कर पेट, पीठ, कंधे में वार कर घायल कर दिया, जिसे ईलाज हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री राज. में ले जाने पर रिफर कर दिया गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

**घेराबंदी कर पकड़ा**

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी हेतु तत्काल स्टेशनपारा व शंकरपुर रवाना किया गया। पतासाजी कर विश्वस्त मुखबीर की सूचना पर दोनों अपचारी बालकों को शंकरपुर तालाब के पास छिपे होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल दबिश देकर दोनों अपचारी बालकों को शंकरपुर तालाब के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया, जो दोनो अपचारी बालकों द्वारा अपराध करना स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त दो नग चाकू को जब्त कराया। अपचारी बालक द्वारा अवैध रूप से प्रतिबंधित लंबाई से अधिक धारदार चाकू रखना पाया। जिससे प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ी गई। बाद अपचारी बालकों के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार बाल संप्रेक्षण गृह दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक शत्रुहन टंडन, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, प्रधान आरक्षक अरविंद साहू, समारूराम सर्पा, सुक्कल सिंह मेरावी, आरक्षक मनोज जैन, तामेश्वर भुआर्य, नागेश्वर साहू एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

## पृष्ठ 09 का शेष

### नांदगांव की सिम...

इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में थाना प्रभारी गैंदाटोला एवं सायबर सेल की टीम द्वारा पुलिस मुख्यालय से प्राप्त मोबाइल नंबरों एवं जहां से ये सिम आबंटित किए गए थे, ऐसे प्वाईंट ऑफ सेल की खोजबीन की गई और थाना गैंदाटोला में अपराध धारा 318(4), 61 (2), बीएनएस एवं 66(सी) आईटी एक्ट पंजीबद्ध करवाया गया।

**57 नग फर्जी सिम बरामद-** एक बार बायोमेट्रिक व फार्म भरने की पूरी प्रकिया करने के बाद ग्राहक से कहते है कि "सिम एक्टिवेट नहीं हो रहा है फिर से पूरी प्रकिया दोहराना होगा" कहकर 2 सिम एक्टिवेट करा लेते हैं। एक सिम ग्राहक को दे देते हैं और दूसरा सिम अपने पास चुपके से रख लेते हैं, जिसे सायबर ठगों को ज्यादा मुनाफा लेकर बेच देते हैं, जिस सिम का उपयोग सायबर ठगों द्वारा भारत और विदेश में बैठकर लोगों को सायबर ठगी का शिकार बनाने में करते हैं। आरोपियों के कब्जे से 57 नग फर्जी सिम और 7 नग मोबाइल बरामद किया गया। आरोपियों को 23 फरवरी को विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

## निधन

### पुष्पलता वैष्णव



**सड़क अतरिया।** सड़क अतरिया निवासी राधे मोहन वैष्णव की धर्मपत्नी पुष्पलता वैष्णव का रविवार सुबह निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। दोपहर को उसकी अंतिम यात्रा निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें दाऊ राधे मोहन वैष्णव, त्रिभुवन वैष्णव, अरविंद वैष्णव, अनमोल, लल्ला कन्हैया दास वैष्णव, श्याम वैष्णव, अश्वनी वैष्णव, पारसमणी वैष्णव, चंद्रभान वैष्णव, जेडी वैष्णव, संजय वैष्णव, नंदकिशोर वैष्णव, रवि, राहुल, विक्की, मुकेश वैष्णव सहित परिवार, मित्र एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### अंतिम दिन पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा

# आत्मनिर्भरता का केंद्र है स्वदेशी मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित स्वदेशी मेले के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव शहर के स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित मेले में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस मेले की सराहना की।

स्वदेशी मेले के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा है कि पिछले तीन वर्ष से वह इस मेले में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की आवश्यकता के लिए स्वदेशी मेला का आयोजन होता है। स्वदेशी मेला कोई बाजार नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता का केंद्र है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग 18 राज्यों से उत्पादक यहां पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल की झलक इस स्वदेशी मेले में दिखाई देती है।

### मेले में दुकानों का निरीक्षण

स्वदेशी मेले के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने मेले में लगे स्वदेशी उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई उत्पादों की सराहना की।




### हिमानी ने दी 'भरथरी गायन' की प्रस्तुति

राजनांदगांव में चल रहे स्वदेशी मेला के सातवें दिन राजा भरथरी की लोकगाथा पर आधारित यादगार प्रस्तुति उभरते हुए भरथरी गायिका हिमानी वासनिक द्वारा दी गई। जिसमें हिमानी द्वारा राजा भरथरी के जन्म प्रसंग को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया गया। हिमानी भरथरी की शिक्षा भरथरी की अंतरराष्ट्रीय कलाकार रेखा जलक्षत्रिय से ले रही है और प्रदेश की लुप्त होती सांस्कृतिक विधा को बचाए रखने लगातार गा रही है। बहुमुखी प्रतिभा की धनी हिमानी वासनिक ने इस अवसर पर शानदार प्रस्तुति देते हुए विभिन्न तबकों के दर्शकों को बांधे रखी। हिमानी की प्रस्तुति में हारमोनियम पर मोहित चंद्राकर, बैंजो पर हर्ष मेश्राम, तबला पर चंद्रकांत निर्मलकर, ढोलक पर हरीश पंड्या तथा रागी राकेश सिन्हा, गायिका गीतिका डोंगरे का योगदान रहा। इस अवसर पर पूर्व सांसद अशोक शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, स्वदेशी मेला प्रबंधक सुभ्रत चाकी, अशोक चौधरी, विनोद डड्ढा एवं शहर के अन्य वरिष्ठजन उपस्थित थे।

### निकाय चुनाव का परिणाम जनता के भरोसे की मुहर

छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव आज राजनांदगांव दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के परिणामों को लेकर कहा है कि जनता का विश्वास प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार और मोदी की गारंटी के प्रति बढ़ा है। उन्होंने कहा है कि जिस प्रकार नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के परिणाम आए हैं, वह विष्णु के सुशासन को प्रदर्शित कर रहा है। उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव ने कहा है कि निकाय चुनाव में विशाल जनादेश भारतीय जनता पार्टी को मिला है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश की जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि विष्णु के सुशासन से छत्तीसगढ़ की जनता खुश है। मोदी की गारंटी पूरी हो रही है।

### बढ़ रहा भाजपा का वोटिंग परसेंटेज

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा है कि विधानसभा चुनाव 2023 में भारतीय जनता पार्टी को 46.27 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं लोकसभा चुनाव में वोटिंग परसेंटेज बढ़कर 52 प्रतिशत हो गया और अब नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक 56 प्रतिशत वोट भारतीय जनता पार्टी को मिला है, जो भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता का विश्वास है।

### घर में आगजनी आरोपी गिरफ्तार

**खैरागढ़।** गाली-गलौज करते हुए घर के छप्पर में आग लगा देने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 फरवरी को प्रार्थी मनोज ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 फरवरी को सुरेन्द्र बंजारे माता व बहन को मां-बहन की अश्लील गाली-गलौज कर घर के छप्पर में आग लगा दिया। जिससे काफी नुकसान हुआ है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 326 (छ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में विवेचना के दौरान थाना से टीम तैयार कर प्रार्थी के बताए अनुसार आरोपी सुरेन्द्र बंजारे 33 साल निवासी ग्राम लिमतरा को उनके निवास स्थान में घेराबंदी कर पकड़कर थाना लाकर आगजनी की घटना घटित करने के संबंध में पूछताछ किया गया, जिस पर प्रार्थी के घर में आगजनी की घटना घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक बिलकिश बेगम, सउनि शंकर कारुणिक, आरक्षक मुरली वर्मा, अमित श्रीवास, महिला आरक्षक शिवकुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# महाशिवरात्रिः शिवालय में उमड़ेंगे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शिवालयों में तैयारी शुरू हो गई है। जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल चोपड़ाधाम में महाशिवरात्रि के मौके पर तीन दिवसीय मेला महोत्सव का आयोजन किया गया है। यहां तीन दिन तक शिव भक्त उमड़ेंगे।

उल्लेखनीय है कि वनांचल के लोग चोडराधाम स्थित डोंगेश्वर महादेव पर गहरी आस्था रखते हैं। मंदिर धरातल से पचास फीट नीचे चट्टान और वृक्षों से घिरा है। यहां की प्रकृतिक सुंदरता के कारण लोगों की आवाजाही हमेशा रहती है। इसके अलावा नर्मदा स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि श्रद्धापूर्वक मनाने की तैयारी चल रही है। गत दिवस बैठक में महाभिषेक एवं पूजा अर्चना की रूपरेखा बनाया गया। सड़क अतरिया तालाब स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना, अनुष्ठान एवं मेला का आयोजन किया जाएगा।



### विकसित हो रहा क्षेत्र

मंदिर समिति एवं क्षेत्र के जनप्रतिधियों के प्रयास से कुछ वर्ष पहले प्रशासन ने चोरडाधाम को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में चोरणाधाम को चिन्हांकित कर लिया है। पर्यटन स्थल के रूप विकास कार्य जारी है। पर सड़क, सौंदर्यकरण सहित कुछ कार्य अब भी लंबित है। मुख्य मार्ग से चोरडाधाम पहुंच मार्ग कच्चा मार्ग है। जो गड्डा और धूल युक्त है। ग्रामीण लगातार इस मार्ग को पक्का बनवाने की मांग कर रहें हैं। वही सरोवर के आस पास सौंदर्यकरण कर आवश्यक सुविधा मुहैय्या करा दिया जाता है तो दर्शनार्थी यों को यहां आने और ठहरने में काफी सुविधा मिलेगा।

### प्राचीन जल कुंड

चोरडाधाम नर्मदा साल्हेवारा मुख्य मार्ग में वन एवं पहाड़ों के मध्य स्थित है। यहां प्राचीन समय से चट्टानों के मध्य से जल की धारा अनवरत निकल रही है। जो गौमुख से होकर शिवलिंग पर गिर रहा है। जिसका जल तीन कुंड से होकर बहता है। प्रत्येक पूर्णिमा एवं सावन माह में शिव भक्त इस कुंडों में स्नान कर डोंगेश्वर महादेव का पूजा अर्चना करते हैं। बताया जाता है कि कुंड का जल औषधि युक्त है। इसका जल शारीरिक दर्द, चमड़ी रोग तथा पौधों में लगने वाली बीमारी को दूर करने में कारगार साबित होता है। जल की शुद्धता को ध्यान में रखकर श्रद्धालु कुंड में डुबकी लगातें है। महाशिवरात्रि के मौके पर यहां क्षेत्र सहित दूर दराज के लोग बड़ी संख्या में यहां पहुंचकर अपनी आस्था प्रकट करतें हैं।

### बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चारपहिया पलटा

**जेवरतला रोड।** डोंगरगांव जेवरतला मुख्य मार्ग ग्राम चेंदरीबन नवागांव यात्री प्रतीक्षालय बाजार चौक के पास सवारी से भरे स्कॉर्पियो चालक ने मोटर साइकिल सवार को बचाते पलट गया। घटना के बाद स्कॉर्पियो में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। आसपास होटल दुकान में बैठे ग्रामीणों ने दरवाजा



तोड़कर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। स्कॉर्पियो वाहन में 8 से 10 लोग सवार थे जो कि रुदगांव (डोंगरगांव) से खेरथा बाजार सगाई कार्यक्रम में जा रहे थे। वाहन में सवार 3 से 4 लोगों को हल्की व अंदरुनी चोटें लगी हैं। मौके पर पिनकापार चौकी प्रभारी ने पहुंचकर दुर्घटना में घायल लोगों को स्वास्थ्य केंद्र देवरी पहुंचाया गया।

# झारखंड की महिला क्रिकेट टीम ने लक्ष्य का पीछा कर जीता मैच

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित झारखंड एवं छत्तीसगढ़ राज्य की महिला टीमों (अंडर-23) के मध्य तीन एक दिवसीय मैच स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में खेले जा रहे हैं।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित खेले गए पहले एक दिवसीय मैच में झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीम को आसानी से छह विकेट से परास्त कर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। झारखंड राज्य की तरफ से खेलते वर्ल्ड कप में अंडर-19 भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी आनंदिता किशोर ने चार विकेट प्राप्त किए।

ज्ञातव्य हो कि विगत दिनों संपन्न रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाइट क्रिकेट चैंपियनशिप में खेलने आई झारखंड की रणजी टीम ने यहां के आयोजन की प्रशंसा की थी। इसके बाद ही झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन ने अपनी महिला क्रिकेट टीम को यहां खेलने के लिए हरी झंडी दी है।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी



करने का निर्णय लेकर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीम ने अपने सभी विकेट खोकर 149 रन बनाए। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की तरफ से यति शर्मा ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। वहीं शहर की कुमुद साहू ने 40 रन का योगदान दिया। ऐश्वर्या सिंह ने 17 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड स्टेट क्रिकेट संघ की टीम ने निर्धारित रन चार विकेट खोकर 38.5 ओवर में ही बना लिए। झारखंड की तरफ से प्रियंका लूथरा एवं कुमारी पलक ने क्रमशः 85 एवं 21 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की टीम से शिवानी यादव ने दो विकेट लिए। श्रृंखला के अगले दो मैच सोमवार एवं बुधवार को खेले जाएंगे।

# 'मित्रता' श्रीकृष्ण-सुदामा के जैसी होनी चाहिए

**राजनांदगांव।** श्री दुर्गा मंदिर समिति किलापारा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सप्तम दिवस की कथा की व्यास पीठ पर विराजित सुप्रसिद्ध भागवत आचार्य रमेश भाई ओझा के विशेष कृपा पात्र नवोदित भागवताचार्य पं. अर्पित शर्मा ने दिग्विजय कॉलेज के सामने पंडाल में श्रद्धालुओं से कहा कि मित्रता हो तो कृष्ण-सुदामा की तरह हो। सुदामा अत्यंत गरीब होते हुए भी भगवान कृष्ण के पास धन की लालसा से कभी नहीं गए। उन्होंने अपनी पत्नी सुशीला से कभी कृष्ण के मित्रता का जिक्र भी नहीं किया। सुदामा के पास सांसारिक धन नहीं था, पर वे ब्रह्म ज्ञानी थे और उनके पास ब्रह्म धन था, वह इंद्रियों से विरक्त व वाणी से जितेंदीय थे।

सुदामा चरित्र की कथा की मीमांसा करते पं. अर्पित भाई ने कहा कि भगवान कृष्ण ने दिव्य दृष्टि



से सुदामा की दरिद्रता को देखकर ब्राह्मण का रूप धारण कर सुदामा के घर जाकर उनकी पत्नी सुशीला से भिक्षा मांगी। सुशीला ने कहा कि मैंने निर्धनता को जन्म दिया है अतः मेरे घर में अभी सावड है अर्थात अशुद्धि है। मैं आपको भिक्षा नहीं दे सकती, तब भगवान कृष्ण ने सुशीला को उनके पति सुदामा के साथ द्वारकाधीश कृष्ण के साथ मित्रता की बात बताई। वर्तमान समय में किसी छोटी पोस्ट के व्यक्ति के साथ मित्रता को भी व्यक्ति भुनाने से नहीं चूकता। समिति के अनुसार कल 24 फरवरी को दोपहर हवन, पूर्णाहुति तथा श्री भागवत भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी।






# बिलासपुर ने राजनांदगांव को हराकर जीती स्टेट हॉकी लीग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार के सांई सेंटर व हॉकी इंडिया द्वारा संचालित व छत्तीसगढ हॉकी द्वारा आयोजित अस्मिता हॉकी स्टेट लीग के फाइनल मुकाबले में बिलासपुर की बालिका टीम ने राजनांदगांव हॉकी को 5-2 गोल से आसानी से पराजित करते स्वर्ण पदक के साथ विजेता बनी।

राजनांदगांव रजत पदक के साथ उपविजेता व तीसरे स्थान पर रायपुर हॉकी ने कॉस्य पदक जीता। चौथे स्थान पर कबीरधाम की टीम रही। प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह सांई के डिप्टी डायरेक्टर जरनल मंयक श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, के आतिथ्य एवं हॉकी छत्तीसगढ़ अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव मनीष श्रीवास्तव, सांई सेटर के इंचार्ज केसी त्रिपाठी, मृणाल चौबे के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

हॉकी स्टेडियम में खेले गए बिलासपुर और राजनांदगांव के मध्य खेला गया फाइनल मैच एकतरफा रहा। जिसमें बिलासपुर ने राजनांदगांव को 5-2 गोल से पराजित किया। मैच के प्रारंभ से ही बिलासपुर ने राजनांदगांव पर दबाव बनाना शुरू कर दिया और 16वें मिनट में मधु ने मैदानी गोल किया, लेकिन 17वें मिनट में राजनांदगांव की शीतल ने गोल कर मैच 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया था। इसके बाद बिलासपुर ने मैच के 22वें मिनट में, रिया ने 44वें में, भूमिका के गोल से बिलासपुर 3-1 गोल से आगे थी। 48वें मिनट राजनांदगांव की आराधना ने गोल कर अपनी टीम के अंतर को 3-2 स्कोर पर ला दिया था, लेकिन बिलासपुर की ओर से 49वें मिनट में मधु व 56वें मिनट में वैश्नवी ने गोल कर बिलासपुर को 5-2 गोल से निर्णायक बढ़त दिलाते विजेता बनी। इसके पहले तीसरे व चौथे स्थान के लिए स्पोटर्स अकादमी रायपुर ने हॉकी कबीरधाम को कड़े मुकाबले में 3-2 गोल से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। रायपुर की ओर से नंदिता, हार्षिता और कप्तान नम्रता ने गोल किया। वहीं कबीरधाम की ओर से यशोदा व रूखमणी ने गोल किया।

### रायपुर हॉकी रही तीसरे स्थान पर, विजेता-उपविजेताओं को मिले पुरस्कार



### सब जूनियर वर्ग में नांदगांव की एकतरफा जीत

अस्मिता हॉकी स्टेट लीग में सब जूनियर वर्ग में खेली जा रही बालिकाओं के मैच में खेले गए पहले मैच में जगदलपुर और जशपुर के मध्य गया मैच गोल रहित बराबरी पर खत्म हुआ। दोनो टीमों को 1-1 अंक मिला। दूसरे मैच में मेजबान राजनांदगांव ने एकतरफा मुकाबले में हॉकी बालोद को 9-0 गोल से पराजित कर 3 अंक प्राप्त किया।

### अतिथियों ने किया संबोधित

अस्मिता हॉकी स्टेट लीग का पुरस्कार वितरण करते डिप्टी डायरेक्टर जरनल सांई दिल्ली ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों ने खेल की कला को समृद्ध किया है। कोच भी अच्छे प्रशिक्षण दे रहे हैं। यह टूर्नामेंट भारत सरकार की ओर से बालिकाओं के खेल कौशल के परिपूर्ण करने के उद्देश्य से अस्मिता हॉकी स्टेट लीग के नाम से आयोजित किया गया है। जिसमें सरकार अपने उद्देश्य में सफल भी हो रही है।

### बच्चों को मिलता है मौका

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में अपनी प्रतिभाओं को दिखाने में मौका मिलता है। इसके पूर्व आयोजन समिति के सचिव व छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। आभार प्रदर्शन छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने किया। अतिथियों को आयोजन समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### पुरस्कार वितरण

अस्मिता हॉकी स्टेट लीग प्रतियोगिता में अतिथियों द्वारा विजेता टीम बिलासपुर को स्वर्ण पदक व आक्रर्षक ट्राफी के साथ दो लाख रुपए का चेक, उपविजेता टीम को रजत पदक ट्राफी व एक लाख साठ हजार रुपए का चेक व तीसरे स्थान पर आई रायपुर हॉकी को कांस्य पदक ट्राफी व एक लाख बीस हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया।



**समस्या: शासन प्रशासन की योजना के लाभ से वंचित ग्रामीण**

# करोड़ों खर्च के बाद भी क्षेत्र में नल जल जीवन मिशन योजना फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है, विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारों के मिलीभगत से शासन प्रशासन की यह महत्वपूर्ण योजना ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द के आश्रित ग्राम बांझीमौहा में नल जल जीवन मिशन फेल नजर आ रही है। शासन प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक योजना जल जीवन मिशन भी शामिल है, इस योजना के तहत गांव-गांव में घर-घर तक लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना में करोड़ों रुपए की लागत राशि से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के पानी टंकी का निर्माण व घरों घर नल कनेक्शन कराया गया, लेकिन जिले में शासन प्रशासन की जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। जल जीवन मिशन अंतर्गत घरो-घर निर्माण कराया गया नल कनेक्शन में पानी नहीं पहुंच रहे हैं जिनके कारण से ग्रामीण को नल जल जीवन मिशन का लाभ व पेयजल की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बांझीमौहा में लाखों रुपए खर्च कर जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण और घरों-घर नल कनेक्शन का निर्माण भी हो चुके हैं इसके बाद भी अभी तक ग्रामीणों की नल कनेक्शन तक शुद्ध पेयजल नहीं पहुंच रहे हैं। जिससे ग्रामीण में भारी नाराजगी व असंतोष व्याप्त है। जिस पर ग्रामीणो ने शासन प्रशासन व जिम्मेदार ठेकेदारो को इस ओर ध्यान देने तथा नल कनेक्शन में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को नल जल मिशन योजना का लाभ मिल सके।

**पेयजल की बढ़ी समस्या, जल जीवन मिशन योजना का हाल-बेहाल**



ग्रामीणों ने बताया कि जिम्मेदार व ठेकेदारों की अनदेखी का खामियाजा ग्राम बांझीमौहा के रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। करोड़ों रुपए की राशि से निर्मित जल जीवन मिशन योजना नल कनेक्शन सिर्फ और सिर्फ शोपीस की तरह रह गई है। वहीं ग्राम पंचायतों में योजना का हाल-बेहाल है। तथा पेयलज की समस्या बनी हुई है। जिससे ग्रामीण दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर है।

# शिव मंदिर और हनुमान मंदिर की महाशिवरात्रि के दिन होगी प्राण प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

नगर पंचायत पंडरिया के वार्ड क्रमांक 07 में लोरमी रोड स्थित शिव-शक्ति कॉलोनी में भगवान शिव मंदिर व हनुमान मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर किया जाएगा। वहीं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मंदरि की प्राण-प्रतिष्ठा व रंग-रोगन कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। वहीं सनातनी धर्म-प्रेमियों में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भारी उत्साह व खुशी का माहौल बना हुआ है। शिव-शक्ति कॉलोनी में प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसकी अंतिम तैयारी जोरों पर है। शहर सहित क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर विशेष तैयारियां कि जा रही है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मंदिर के लिए भूमि दान पंचम साहू द्वारा किया गया वहीं ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों के सहयोग से मंदिर का निर्माण कराया गया। जिसमें इस शिव व हनुमान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा आचार्य पं पुरषोत्तम तिवारी रुसे वाले, मुख्य यजमान श्रीमती मधु भानू तिवारी के द्वारा किया जाएगा। साथ ही साथ मंदिर निर्माण में विशेष सहयोग घनश्याम शर्मा, आशीष तिवारी, दुखहरन सारथी, सुदीप मजूमदार, भीखम यादव का रहा वहीं श्री हनुमान जी महाराज मंदिर निर्माण संतोष तिवारी द्वारा कराया गया। समिति सदस्य मनीष शर्मा ने बताया कि मंदिर निर्माण सभी दानदाताओ के विशेष सहयोग से हुआ है। मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 25 फरवरी को भव्य कलश यात्रा रैली, वेदी पूजा व 26 फरवरी महाशिवरात्रि को मूर्ति स्थापन किया जाएगा। जिसे लेकर नगरवासियों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

**मातर मंड़ई मेले का भव्य आयोजन**



**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष में ग्राम पंचायत कोलेगांव में मातर मंड़ई-मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें यादव समाज द्वारा जबरदस्त व शानदार मनमोहक मातर मंड़ई का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश यद्रु, दिनेश पांडेय, पवन शर्मा, मुक्कू यादव, नकशेद यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। मातर मंड़ई कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के यादव समाज द्वारा भव्य गाजे-बाजे के साथ शानदार मनमोहक पोशाक व वेश-भूषा में राउत नृत्य व भगवान श्रीकृष्ण-राधा की दोहा के साथ भव्य मातर मंड़ई का आयोजन किया गया। जिसमें आयोजक समिति नकझेद यादव एवं सहयोगी बाबूराम यादव, फागूराम यादव, गोलू यादव, दिनेश यादव, रमेश यादव का विशेष योगदान रहा। वहीं मातर मंड़ई मेला में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जनो की भारी भीड़ उमड़ी।

**खबर संक्षेप**

### महाशिवरात्रि पर भव्य रूद्राभिषेक व जगराता कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से आदर्श नगर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य रूद्राभिषेक, भव्य बारात व संगीतमय जगराता का आयोजन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर किया जाएगा। जिसमें भव्य रूद्राभिषेक सुबह 11 बजे, भव्य बारात दोपहर 03 बजे, महाआरती रात्रि 07 बजे तथा संगीतमय जगराता कार्यक्रम रात्रि 09 बजे किया जाएगा। जिस पर भक्तजनों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को संपन्न एवं सहयोग करने अपील की गई।

# सुरेश ने ऐतिहासिक 850 मतों से जीत हासिल की, ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शहर सहित क्षेत्र के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत कोलेगांव से सरपंच पद के लिए आदिवासी सीट में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने सुरेश ध्रुर्वे को भारी समर्थन व आशीर्वाद देते हुए ऐतिहासिक 850 मतों से विजयी बनाया। जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं नव-निर्वाचित सरपंच सुरेश ध्रुर्वे के इस ऐतिहासिक जीत से ग्राम पंचायत कोलगांव वासियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला व तांता लगा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार सरपंच पद के लिए नव-निर्वाचित सुरेश ध्रुर्वे द्वारा ग्रामीणों के आशीर्वाद से ग्राम पंचायत के विकास के लिए खरा तथा विकास कार्य से गांव की तरक्की चहुमंखी विकास कार्य होगा। जिस पर ग्रामीण दिनेश पांडेय, पवन शर्मा, रामसहाय साहू, भीष्म साहू, शारदा गोस्वामी, महावीर निषाद ने बधाई व शुभकामनाएं दी।



# राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा







सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में 46वीं सीनियर राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल पुरुष-महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र के अमरावती जिले में 22 से 26 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ के दोनों वर्गों की टीम भी सम्मिलित हो रही है। इस प्रतियोगिता हेतु नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से महिला वर्ग से कविता सिन्हा, गौरी जायसवाल एवं पुरुष वर्ग में भूपेंद्र गढ़े का चयन हुआ है जो 21 फरवरी को रायपुर के रेलवे स्टेशन पूरी अहमदाबाद एक्सप्रेस से रवाना हुए। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि अकेडमी के खिलाड़ियों का अभावों के बीच प्रत्येक वर्ष बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर चयन होता है, साथ ही साथ पदक प्राप्त कर प्रदेश व जिले का नाम रौशन कर रहे है।

जो जिले के लिए गौरव की बात है। इसी के साथ इस वर्ष भी 46वी सीनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में अकेडमी से तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता महाराष्ट्र के अमरावती में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और छत्तीसगढ़ की टीम को पदक प्राप्त करने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

जिस पर प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के तीन खिलाड़ियों का चयन होने पर कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, जिला वनमण्डल अधिकारी शशि कुमार, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, डॉ लाल उमेद सिंह, नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा चेयरमैन पवन देवांगन, जिला खेल अधिकारी दिनेश साहू, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई साथ ही साथ उनकी उज्वल भविष्य की मनोकामना की।

# अभिराममम रत्न प्रतियोगिता में बाल प्रतिभा पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जैन श्री संघ कवर्धा के तत्वधान में रविवार को समता शाखा के उपरांत कौन बनेगा अभिराममम रत्न प्रतियोगिता मे कवर्धा के प्रतिभागी द्वय सार्थक जैन एवं विख्याति श्रीश्रीमाल को माला, तिलक निकाल कर साहित्य, सिक्का तथा पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि अखिल भारतीय स्तर की इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़-ओड़िसा अंचल की 13 सदस्यीय टीम ने भाग लिया था। इसमें कवर्धा के दो प्रतिभावान बच्चों ने शिरकत की थी।

वहीं राजस्थान में आयोजित इस ऑल इंडिया लेवल कॉम्पिटीशन में छत्तीसगढ़ ओड़िसा अंचल की इस टीम ने विजय श्री हासिल की। जैन स्थानक कवर्धा के गरिमामय आयोजित कार्यक्रम में साधु मार्गी जैन महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती लता बोथरा ने अपनी प्रखर प्रज्ञा से कवर्धा को गौरवान्वित करने वाले दोनों बच्चों की आभार व शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री स्थानक वासी जैन श्रावक संघ मंत्री गेन्दमल मोदी ने श्रीश्रीमाल परिवार के दोनों अनमोल रत्न सार्थक एवं विख्याति की शानदार सफलता पर मुबारकबाद दे उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर श्रीश्रीमाल परिवार से कोमल, तेजमल, पीयूष, सचिन, अक्षय, अर्णव, श्रीमती लक्ष्मी, तारा, हर्षा, चित्रा, पूजा, वर्षा, पायल तथा रूपल, पारख, प्रसिद्धि आदि ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। दोनों प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता के अनुभव कार्यक्रम में साझा किए। एक ओर जहां विख्याति की बुआ महासती, छवि, प्रज्ञा वहीं दूसरी ओर सार्थक की दादी महासती रामाशा ने रामेश शासन में संयम अंगीकार कर आत्म कल्याण के पथ की ओर अग्रसर है। दोनों प्रतिभागियों के माता-पिता क्रमशः वर्षा-पीयूष एवं पायल-सचिन श्रीश्रीमाल कार्यक्रम के साक्षी बने।

# विनायक पब्लिक स्कूल में मेगा वेबिनार और हुई पैरेंट्स बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय शिक्षा बोर्ड अंतर्गत शिक्षा जगत के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ते हुए, विद्या की देवी मां सरस्वती एवं ऋद्धि, सिद्धि, चतुर बुद्धि और तेजबल के दाता श्री विनायक के आशीर्वाद से अपनी बेहतरीन कार्यशैली, सकारात्मक सोंच और नन्हे-मुन्ने बच्चों को संस्कारवान, गुणवान, ज्ञानवान, बलवान, बुद्धिमान, योगवान, ऊर्जावान, कर्मवान, मूल्यवान, प्रतिभावान एवं अन्य सभी क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ वान बनाते हुए व सर्वोत्कृष्ट सर्वांगीण विकास से परिपूर्ण तथा उज्वल भविष्य की कामना करते हुए दानवीर भामाशाह शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित विनायक पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल शंकरनगर कवर्धा में प्रत्येक शनिवार को नई सोंच, नई उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2024- 25 के 21वें एपिसोड के माध्यम से प्रथम सत्र में मेगा वेबीनार पेरेंट्स बैठक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके माध्यम से पूरे वर्ष भर का फीडबैक लेते हुए स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए, सत्र 2024-25 की इस अंतिम पड़ाव में वार्षिक परीक्षा के पूर्व यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। जिसके परिपेक्ष्य में बच्चों के पढ़ाई के संबंध में शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा पाल्यों-अभिभावकों से संवाद कर महत्वपूर्ण विषयों को लेकर के बातचीत किया गया।

साथ ही उनके द्वारा दिए गए सुझाव, मार्गदर्शन एवं अन्य सभी क्षेत्रों को लेकर के आवश्यक चर्चाएं व महत्वपूर्ण बातें की गई। जिससे छात्र-छात्राओं के अंदर सर्वांगीण विकास व वार्षिक परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत बेहतर हो सकें। इसके लिए कुछ मुख्य बातें, वार्षिक परीक्षा के दौरान बच्चों की करियर काउंसलिंग से लेकर के लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, प्रतिदिन योग मेडीटेशन व व्यक्तित्व विकास, शांत-वातावरण, एकाग्रता, उत्साह, आलस्य का त्याग, अनुशासन, विनम्रता व आत्म मूल्यांकन, विषयवार टाइम मैनेजमेंट से लेकर के बेहतर गाइडलाइन, खान-पान, भरपूर नींद, मोबाइल और टीवी का सदुपयोग करना इत्यादि एवं सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में बैठने की सलाह दी गई। एवं अभिभावकों से अपील किया गया कि इस दौरान अपने बच्चों का पढ़ाई के संबंध में विशेष ध्यानाकर्षण एवं बेहतर तालमेल व सहयोग करने की अपील की गई। ताकि आपके अपने बच्चों का उज्वल भविष्य के साथ-साथ परीक्षा परिणाम भी बेहतर व सर्वोत्कृष्ट हो सके। और अपने माता-पिता एवं गुरुओं का नाम रौशन कर सके। और देश का एक अच्छे मूल्यवान नागरिक बन सके। उपरोक्त महत्वपूर्ण विषयों को लेकर के आज के इस नई सोंच-नई उड़ान कार्यक्रम अंतर्गत जानकारियां साझा की गई।

### ध्वनि एवं प्रकाश से सुसज्जित चार दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन आध्यात्मिक मेला



**हरिभूमि कवर्धा।** धर्म नगरी कवर्धा में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आम जन के लाभार्थ प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज शिव ज्योति भवन छीरपानी कॉलोनी में 24 से 27 फरवरी तक चार दिवसीय प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक एवं संध्या 5 से 10 बजे तक आवाज एवं प्रकाश से सुसज्जित चार दिवसयी द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन अध्यात्मिक मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस चार दिवसीय मेले का विशेष आकर्षण जिसमें राजयोग का अध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी, गहन शांति अनुभूमि हेतु मेडीटेशन जोन तथा लाईट एवं साउंड से सुसज्जित मानसरोवर कैलाश दर्शन किया जा रहा है। जिस पर ब्रम्हाकुमारीज व आसपास क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को संपन्न कराने अपील की गई।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मदरसा बोर्ड परीक्षा की बढ़ाई गई तारीख

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाई व हायर सेकेंडरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा-2025 के आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। पूर्व में अंतिम तारीख 6 फरवरी थी, जिसे अब 10 मार्च कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक इस परीक्षा के लिए कबीरधाम जिले में स्वामी करपात्री जी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कवर्धा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया। माना जा रहा है कि परीक्षा की तिथि बढ़ाए जाने से संबंधित परिक्षार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए और अधिक समय मिल पाएगा।

### हेमचंद विवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम किए जारी

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के सेमेस्टर परीक्षा परिणाम दिसंबर-जनवरी 2024-25 जारी कर दिए हैं। एम कॉम प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम ओवरऑल 58.70 प्रतिशत, बीबीए 5 वां सेमेस्टर 70.34 प्रतिशत, एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर (एटीकेटी) 63.44 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर (एटीकेटी) 83.33 प्रतिशत रहा। जारी परीक्षा परिणामों को विश्व विद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।







# सारणीकरण के बाद जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 14 तक के परिणाम विधिवत रूप से घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में दो चरण 17 और 20 फरवरी को मतदान कार्य संपन्न हुआ था। इसके बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में प्रथम चरण के अंतर्गत 20 फरवरी को विकासखंड कवर्धा और सहसपुर लोहारा के 06 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र का सारणीकरण और दूसरे चरण के अंतर्गत 23 फरवरी को विकासखंड पंडरिया और बोड़ला के 08 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र का सारणीकरण किया गया। सारणीकरण के बाद परिणाम की घोषणा की गई। जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, उपसंचालक राज तिवारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र साहू, श्रीमती रश्मि दुबे, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से दीपा पप्पू धुर्वे को 13704 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अंजू मेरावी को 2165 मत, किरण टेकाम को 2680 मत, राधा ललित धुर्वे को 6060 मत और सरस्वती पुसाम को 5351 मत प्राप्त हुए। पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 से अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर को 19039 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अनुसुइया मनिराम साहू को 2799 मत, उत्तरादेवी गोकुल साहू को 13428 मत प्राप्त हुए। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 से रामकुमार भट्ट को 16962 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अमर बंजारे को 1064 मत, सुधांशु बघेल को 15441 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 04 से श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे को 26985 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से श्रीमती रेखा रामायण कुर्रे को 8284 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 05 से श्रीमती पूर्णिमा मनिराम साहू को 21402 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अमृता नरेश निर्मलकर को 2046 मत, श्रीमती दीपिका संजय चंद्रवंशी को 1099 मत और श्रीमती राधा नारद चंद्रवंशी को 11236 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 06 से ललिता रूपसिंह धुर्वे को 12216 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से जगनी कामू बैगा को 12142 मत, श्रीमती रमौतीन राजकुमार चेचाम को 2924 मत और श्रीमती शुभौतिन मरकाम को 3513 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 07 से गंगा बाई लोकचंद साहू को 20459 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से श्रीमती गीता राजू पटेल को 12349 मत, श्रीमती सोनकुंवर साहू को 1782 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 08 से राजकुमार मेरावी को 13582 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अमरसिंह कुशरे को 4770 मत और प्रभाती मरकाम को 12168 मत प्राप्त हुए। जिपं सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 09 से श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल को 18904 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से श्रीमती अनुसुइया भुनेश्वर पटेल को 13806 मत, श्रीमती बेदीन बाई हजारी लाल टंडन को 3404 मत और श्रीमती तारा लहरे को 1117 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 10 से कैलाश चंद्रवंशी को 21213 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से मोहन साहू को 5086 मत, प्रदीप चंद्राकर को 8645 मत और सत्यप्रकाश बौध को 356 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 11 से वीरेन्द्र साहू को 14673 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से भुनेश्वर कौशिक को 364 मत, दिनेश चंद्रवंशी को 12476 मत, श्रीमती कमला निषाद को 284 मत, किरण टूम्मन साहू को 1355, शिप्रसाद साहू को 2774 मत, तुकेश्वर साहू को 679 मत प्राप्त हुए। जिपं क्षेत्र क्रमांक 12 से रोशन दुबे को 15724 मत प्राप्त हुए और जिपं सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से बलराम सिंह ठाकुर को 560 मत, भनुप्रताप कुंजन निषाद को 1076 मत, हेमराज कौशिक 544 मत, मोहित सिंह को 7745 मत, रामफल कौशिक को 5990 मत, श्यामाबाई साहू रतनलाल को 890 मत और सुरेखा गंधर्व को 652 मत प्राप्त हुए। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से श्रीमती राजकुमारी राजेन्द्र साहू को 12022 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से श्रीमती चंपा रूपेन्द्र वर्मा को 8622 मत, श्रीमती सुमन मोहित सिंह को 11028 मत और श्रीमती तारा सुखनंदन साहू को 1306 मत प्राप्त हुए। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से ईश्वरी साहू को 14816 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए।

इसके साथ ही इस क्षेत्र से आनंद कुमार मेरवी को 1405 मत, भाई हुकुमत साहू को 1377 मत, कलीम भाई को 9771 मत, रामकृष्ण साहू को 8928 को मत, शरद वर्मा को 3600 मत प्राप्त हुए।

**मांग :** पुनर्मतगणना की मांग को लेकर कांग्रेसी दूसरे दिन भी बैठक धरने पर

# जिपं क्षेत्र क्र. 6 के चुनाव परिणामों को लेकर गरमा रहा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के लिए जिला निर्वाचन द्वारा मतगणना उपरांत जारी किए गए परिणामों को लेकर उपजा विवाद लगातार तूल पकड़ते दिखाई दे रहा है।

इस मामले में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से अधिकृत प्रत्याशी जगनी कामु बैगा निवासी ग्राम केमा तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम सहित जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मतगणना में गड़बड़ी किए जाने तथा जानबूझकर भाजपा प्रत्याशी को विजयी घोषित किए जाने का आरोप लगाते हुए गत शनिवार से जिला कार्यालय के सामने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

कांग्रेस का यह धरना प्रदर्शन दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। जिसमें विधान सभा पंडरिया की पूर्व विधायक श्रीमती चन्द्राकर तथा आदिवासी समाज के नेता जे लिंगो ने भी शामिल होकर अपना समर्थन दिया। इस संबंध में अपनी मांगों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले धरने में बैठी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी जगनी कामु बैगा ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक की मतगणना में व्यापक रूप से गंभीर अनियमितता तथा गड़बड़ी की गई जिसके परिणाम स्वरूप परिणाम उनके पक्ष में नहीं आया और उन्हें करीब 74 मतों से पराजित घोषित कर सत्ता पक्ष भाजपा के उम्मीदवार को विजयी घोषित कर दिया गया। कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी जगनी कामु बैगा ने कहा कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के करीब आधा दर्जन से अधिक बूथों की मतगणना में भारी गड़बड़ी की आशंका है।

जिसमें ग्राम भनपहरी के बूथ क्रमांक 61, 62, 63, बदनापानी के बूथ क्रमांक 14, दुर्जनपुर के बूथ क्रमांक 21, मुड़घुसरी मैदान के बूथ क्रमांक 72, चेन्द्रादादर बूथ क्रमांक 1, भूरसीपकरी बूथ क्रमांक 8, केसमर्दा बूथ क्रमांक 10, मदनापानी केसमर्दा बूथ क्रमांक 14, कोईरकछरा बूथ क्रमांक 60 तथा अचानकपुर बूथ क्रमांक 59 शामिल है। उन्होंने कहा कि इन सभी बूथों की मतगणना में भारी गड़बड़ी कर परिणामों में हेरफेर किया गया है।

### ज्ञापन सौंपकर कांग्रेस ने रखी अपनी मांगे



कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी ने जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि इन सभी बूथों की पुनः निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से मतगणना कराई जाए, संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच हेतु एक स्वतंत्र जांच समिति गठित की जाए, यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए, न्यायालय में इस विषय की सुनवाई पूरी होने तक विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। उन्होने बताया कि इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में मामला दायर किया गया है, अतः न्यायालय के निर्णय तक चुनाव परिणाम पर स्थगन प्रदान किया जाए।

# मतगणना के बाद ग्राम दशरंगपुर में बलवा, नेऊर में लहराई गई तलवार

- दोनो मामले थाना में दर्ज, पीड़ित पक्षों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में सम्पन्न हुए दूसरे चरण के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना के बाद जिले ग्राम पंचायत इंदौरी तथा ग्राम पंचायत नेऊर में प्रत्याशियों के बीच बलवा, टकराव व डराने धमकाने जैसे मामले सामने आए है। जिनकी ब का य दा संबंधित पुलिस चौकी तथा थाना में रपट भी दर्ज कराई गई है।



जानकारी के अनुसार जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी दशरंगपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दशरंगपुर में हुए सरपंच पद के पंचायत चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद विजेता तथा हारे हुए प्रत्याशी तथा उनके समर्थक आपस में भिड़ गए।

बताया जाता है कि दोनो पक्षों के लोगों ने एक दूसरे के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिसमें कई लोगों के मामूली रूप से घायल होने की खबर सामने आई। घटना बीते शुक्रवार रात की बताई जा रही है। घटना के बाद दोनो पक्षों ने दशरंगपुर पुलिस चौकी पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिस पर पुलिस दोनो पक्षों के 7-7 कुल 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले कों जांच में लिया है। हालांकि अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं की गई है।

वहीं दूसरा मामला जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेऊर से सामने आया है। जहां ग्राम पंचायत नेऊर के वार्ड क्रमांक 7 से पंच पद के विजेता प्रत्याशी नम्रता पति दिलीप मरावी ने आरोप लगाया है कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद उसके विरोधी प्रत्याशी दुकलहीन पति मनोज के रिश्तेदार मोहित लोहार ने हार की खीच निकालते हुए मतगणना स्थल पर ही तलवार लेकर विजेता प्रत्याशी और उसके परिजनो को न सिर्फ डराने धमकाने का काम किया बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी।

जिसे लेकर पीड़ित परिवार में भय व्याप्त है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने इस मामले की रपट कुकदुर थाना में दर्ज कराई है। हालांकि पीड़ित पक्ष की माने तो मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने अभी तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की है। पीड़ित पक्ष ने कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# ग्राम पंचायत सिल्हाटी से अर्जुन साहू सरपंच निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिल्हाटी

जिले के जनपद पंचायत स लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिल्हाटी में सरपंच प्रत्याशी अर्जुन साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सरपंच पद अपने नाम कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिल्हाटी से कुल 6 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया था। जिसमें अर्जुन साहू को 761 मत, प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सोमनाथ देवांगन को 383 मत प्राप्त हुए। अर्जुन साहू के निर्वाचित घोषित होते ही सिल्हाटी ग्रामवासियों ने श्री साहू का जोशीला स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद कर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। साथ ही सिल्हाटी ग्राम पंचायत में 18 वार्ड है जिसमें से 16 वार्ड में नये चेहरे चुनकर आए हैं वहीं मात्र दो वार्डो में पुराने चेहरों को दोबारा मौका दिया गया है।

# पंडरिया और बोड़ला के निर्वाचित आठ जिला पंचायत सदस्यों को दिया गया निर्वाचन प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में रविवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पंडरिया और बोड़ला के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 तक का सारणीकरण किया गया। सारणीकरण के पश्चात परिणाम की घोषणा की गई। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत दूसरे चरण 20 फरवरी को मतदान हुआ था।

इसके बाद जिले के 08 जिला पंचायत क्षेत्र का सारणीकरण कर परिणाम बताया गया। जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने क्षेत्र क्रमांक 01 से निर्वाचित दीपा पप्पु धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 02 से निर्वाचित श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 03 से निर्वाचित रामकुमार भट्ट, क्षेत्र क्रमांक 04 से निर्वाचित श्रीमती राजेश्री घृतलहरे, क्षेत्र क्रमांक 05 से निर्वाचित पूर्णिमा मनिराम साहू और क्षेत्र क्रमांक 06 से निर्वाचित ललिता रूप सिंह धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 07 से निर्वाचित श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू और क्षेत्र क्रमांक 08 से निर्वाचित राजकुमार मेरावी को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, उपसंचालक राज तिवारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र साहू, श्रीमती रश्मि दुबे, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

## आरक्षक संवर्ग के लिए भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ

**कवर्धा।** पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ ने जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग के 5967 पदों पर सीधी भर्ती के लिए 4 अक्टूबर 2023 को विज्ञापन जारी किया था। इसके तहत 1 जनवरी 2024 से 6 मार्च 2024 तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। अब भर्ती प्रक्रिया के पहले चरण की शुरुआत होने जा रही है। पहले चरण में दस्तावेज सत्यापन, शारीरिक नापजोख और शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। यह परीक्षा 26 फरवरी 2025 से शुरू होगी। परीक्षा स्थल केकती बाड़ी मैदान, आत्मानंद स्कूल छुईखदान (जिला खैरागढ़- छुईखदान-गंडई) में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के जरिए प्रवेश पत्र भेजे जा रहे हैं। सभी अभ्यर्थियों को निर्देशों का पालन करना होगा। तय तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। मूल दस्तावेज और प्रमाणपत्र साथ लाने होंगे। बिना दस्तावेज के परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं मिलेगी। पुलिस विभाग के मुताबिक जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग के 5967 पदों पर भर्ती ली जा रही है। इसे लेकर राजनांदगांव रेंज के जिलों से कुल 65539 आवेदन फार्म मिले हैं। कबीरधाम जिले में कांस्टेबल (जीडी) के 114 पद हैं। भर्ती के लिए आउटडोर स्टेडियम कवर्धा में युवा जमकर पसीना बहा रहे हैं।

**जंगलों की हरियाली के बाद मैदानी इलाकों के चारा पानी का किया जाएगा दोहन**

# पतझड़ प्रारंभ होने के साथ राजस्थानी चरवाहों ने किया मैदानी इलाकों का रूख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वर्षा और शीत ऋतु जिले के जंगल में गुजारने और वहां की हरीभरी वनस्पति को भारी नुकसान पहुंचाने के बाद अब ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही राजस्थान चरवाहे अपने हजारों भेड़, बकरी और ऊंट के साथ मैदानी ईलाकों का रूख करने लगे हैं।

यहां बताना लाजिमी होगा कि पिछले कुछ सालों से जिस तरह शासन की तुष्टीकरण नीति के चलते वन अधिकार के तहत वन भूमि के पट्टे पाने के लिए प्रदेश के हरे-भरे जंगलों की अंधाधुंध कटाई कर हजारों अपात्रों ने वनभूमि पर कब्जा जमा कर मैदान बना दिया है। वहीं राजस्थान से ऊंट और भेड़ों के काफिले लेकर यहां वर्षो से जमे राजस्थान




चरवाहे भी जिले के जंगलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वनवासियों की माने अंचल के जंगलों में राजस्थान तथा गुजरात से आए भेड़ वालों के चलते जंगलों और वनस्पतियों को काफी नुकसान हो रहा है। वनवासी अंचलों में जहां-तहां उनके डेरे दिखाई देते हैं।

प्रत्येक डेरे में हजारों की संख्या में भेड़ें होती है। बताया जाता है कि वर्षा ऋतु और शीत ऋतु के दौरान जिले के जंगलों की हरियाली का बेजा उपयोग करने के बाद अब पतझड़ के इस सीजन में इन राजस्थानी चरवाहों ने मैदानी ईलाकों का रूख कर लिया है।

बताया जाता है कि अब चरवाहों और इनके मवेशियों को डेरा पूरी गर्मी मैदानी ईलाकों में धान कटाई के बाद खाली पड़े खेतों में रहेगा। इस दौरान वे जहां मैदानी ईलाकों के पानी तथा वनस्पति का बेजा उपयोग करेंगे। हैरानी की बात यह है कि अब तो प्रशासन तथा वन विभाग भी इन राजस्थानी चरवाहों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करता क्योंकि इनमें से कई चरवाहों ने तो यहीं अपना स्थाई डेरा जमा लिया है और आधार कार्ड, राशन कार्ड भी यहीं के बनवा लिए है।

## बसंत बहार...



**कवर्धा।** अंचल में नजर आने लगे टेसू के रंग, दिखने लगी बसंत बहार।